Daily Current Affairs 10 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 8 नवंबर को मनाया गया विश्व रेडियोग्राफी दिवस
• 'एक्स-रे' अथवा 'एक्स-रेडिएशन' की खोज के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 08 नवंबर को 'विश्व रेडियोग्राफी दिवस' मनाया जाता है। विश्व रेडियोग्राफी दिवस 2022 की थीम 'Radiographers at the Forefront of Patient Safety' है। गौरतलब है कि 8 नवंबर, 1895 को जर्मन वैज्ञानिक 'विल्हेम कॉनराड रॉन्टगन' द्वारा 'एक्स-रे' प्रणाली की खोज की गई थी। उनकी इस खोज के लिये उन्हें वर्ष 1901 में फिज़िक्स में पहले नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

2. आकाशवाणी के सभी वाणिज्यिक परिचालनों के लिए बैट्स ऐप्लिकेशन सॉफ्टवेयर किया लॉन्च
• 07 नवंबर, 2022 को प्रसार भारती के वाणिज्यिक परिचालनों एवं कामकाज़ को सुव्यवस्थित और स्वचालित करने के लिये प्रसार भारती सचिवालय में यातायात एवं बिलिंग ऐप्लिकेशन सॉफ्टवेयर 'ब्रॉडकास्ट एयर-टाइम शेड्यूलर- बैट्स (BATS)' लॉन्च किया गया। मोटे तौर पर BATS का उद्देश्य समस्त परिचालनों में पारदर्शिता लाना और वाणिज्यिक परिचालनों को अत्यंत कुशल बनाना है।

3. उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2041 तक मथुरा-वृंदावन को 'शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन' पर्यटन स्थल बनायए जाने की घोषणा की
• हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2041 तक मथुरा-वृंदावन को 'शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन' पर्यटन स्थल बनाये जाने की घोषणा की है। यह भारत में किसी पर्यटन स्थल के लिये निर्धारित इस तरह का पहला कार्बन न्यूट्रल मास्टर प्लान होगा। वृंदावन और कृष्ण जन्मभूमि जैसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों के साथ पूरे ब्रज क्षेत्र में पर्यटक वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। इन क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन के रूप में उपयोग किये जाने वाले केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को जाने की अनुमति होगी।

4. कर्नाटक हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी बने विधि आयोग के अध्यक्ष
• 07 नवंबर, 2022 कर्नाटक हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी को 22वें विधि आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी को विधि आयोग का अध्यक्ष, जबकि न्यायमूर्ति केटी शंकरन, प्रोफेसर आनंद पालीवाल, प्रोफेसर डीपी वर्मा, प्रोफेसर राका आर्य और श्रीएम करुणानिधि आयोग सदस्य नियुक्त किया है।

5. अक्टूबर 2022 के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने विराट कोहली
• हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने अक्टूबर 2022 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की घोषणा कर दी है। पुरुषों में भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को और महिलाओं में पाकिस्तान की दिग्गज ऑलराउंडर निदा डार को यह अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज और टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है। कोहली की टक्कर जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर से थी, लेकिन कोहली को सबसे ज्यादा वोट मिले।

6. एम. टी. वासुदेवन नायर को पहले केरल ज्योति पुरस्कार से किया सम्मानित
• हाल ही में मलयालम साहित्य के दिग्गज और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता एम.टी. वासुदेवन नायर को समाज में अमूल्य योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए पद्म पुरस्कारों की तर्ज पर केरल राज्य सरकार द्वारा स्थापित पहले 'केरल ज्योति' पुरस्कार के लिए चुना गया है।केरल सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के

Resultuniraj.co.in

योगदान का सम्मान करने के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों की तीन श्रेणियों- केरल ज्योति, केरल प्रभा और केरल श्री की स्थापना की है।

7. राजस्थान में किया जा रहा अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले का आयोजन
• 1 से 9 नवंबर, 2022 तक राजस्थान के अजमेर स्थित पुष्कर में अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला-2022 का आयोजन किया जा रहा है। पुष्कर मेले को पुष्कर ऊंट मेला, कार्तिक मेला या कार्तिक का मेला भी कहा जाता है। पशुओं में ढेलेदार चर्म रोग फैलने के कारण लोकप्रिय पशु मेले के बिना पुष्कर मेला लगेगा। हर साल, पशु मेला मेले का मुख्य आकर्षण हुआ करता था। इस मेले में पूरे राज्य के किसान मवेशी, ऊंट और घोड़ों जैसे पशुओं का व्यापार करने के लिए इकट्ठा होते हैं।

8. DRDO ने भारतीय नौसेना के लिए स्पेस सुविधा की शुरू
• हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने भारतीय नौसेना द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले सोनार सिस्टम के लिए एक परीक्षण एवं मूल्यांकन 'स्पेस' (SPACE) नामक सुविधा शुरू की है। स्पेस नामक यह सुविधा 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' को गति देने के लिए शुरू की गई। इसका उपयोग मुख्य रूप से सोनार प्रणालियों के मूल्यांकन के लिए किया जाएगा। SPACE का पूरा नाम Submersible Platform for Acoustic Characterisation है

9. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कंबोडिया में आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व करेंगे
• भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 11 से 13 नवंबर, 2022 तक कंबोडिया का दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति के साथ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भी होंगे। अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति 12 नवंबर को नोम पेन्ह में आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वह 13 नवंबर को 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

10. सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव का 553वाँ प्रकाश उत्सव मनाया गया
• 8 नवंबर, 2022 को सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव की 553वीं जयंती प्रकाश उत्सव के रूप में मनाई गई। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह की पूर्णिमा को उनकी जयंती मनाई जाती है।

Resultuniraj.co.in